# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या–02

एकादश (बजट) सत्र
मंगलवार, दिनांकः–28 फरवरी, 2023 ई०।

समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 03:55 अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1. प्रश्नकाल

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ–

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या–28**

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–08 | अ०सू०–17, डॉ० इरफान अंसारी, | स०वि०स० |
| | अ०सू०–23, श्री जयप्रकाश भाई पटेल, | स०वि०स० |
| | अ०सू०–24, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, | स०वि०स० |
| | अ०सू०–22, श्री मथुरा प्रसाद महतो, | स०वि०स० |
| | अ०सू०–05, श्री भानु प्रताप साही, | स०वि०स० |
| | अ०सू०–11, डॉ सरफराज अहमद, | स०वि०स० |
| | अ०सू०–08, श्री अमित कुमार यादव, | स०वि०स० |
| | अ०सू०–33, श्री प्रदीप यादव, | स०वि०स० |
| (ख) स्थगित कुल–02 | अ०सू०–13, प्रो० स्टीफन मराण्डी, | स०वि०स० |
| | अ०सू०–01 श्री विनोद कुमार सिंह, | स०वि०स० |
| (ग) अनागत कुल–18 | क्रम संख्या–11 से 28 तक। | |

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या–36**

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–04 | तारां०–01, श्री केदार हजरा | स०वि०स० |
| | तारां०–02, श्री किशुन कुमार दास | स०वि०स० |
| | तारां०–03, श्री उमाशंकर अकेला | स०वि०स० |

→

तारां०–04, डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता स०वि०स०

(घ) अनागत कुल–32 क्रम संख्या–05 से 36 तक।

## 2. सूचना दिया जाना

प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न माननीय सदस्यों के द्वारा निम्न सूचनायें दी गयी:–

1. डॉ० शशि भूषण मेहता, स००वि०स० ने पांकी में महाशिवरात्री के अवसर पर हुए पथराव एवं झड़प पर जांच कराने की मांग की।
2. श्री राज सिन्हा, स०वि०स० द्वारा धनबाद में पी०डब्ल्यू०डी० सड़क के किनारे 25–30 वर्षों से दुकान लगाकार जीविकोपार्जन करने वाले को आर०पी०एफ० के जवानों द्वारा हटाये जाने से संबंधित विषय रखा गया।
3. श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी, स०वि०स० ने पलामू जिला के विश्रामपुर में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत् दिये गये विद्युत कनेक्शन की जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई का अनुरोध किया।
4. श्री मनीष जयसवाल, स०वि०स० ने इको सेंसिटिव जोन से प्रभावित 218 गांवों का हवाला देते हुए जोन क्षेत्र 05 से घटाकर 01 किमी करने का आग्रह किया।
5. श्री समरी लाल, स०0िस० द्वारा कांके में राँची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ० अंचल कुमार पर आपराधिक हमला से संबंधित विषय रखा गया।

## 3. कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें

माननीय सदस्य श्री अनन्त कुमार ओझा ने राज्य में अस्पष्ट नियोजन नीति, माननीय सदस्य डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पलामू के पांकी बाजार में दो समुदायों के बीच घटित हिंसक झड़प की जांच एवं दोषियों को सजा देने, माननीय सदस्य डॉ० लम्बोदर महतो ने बोकारो जिला में तीन नये प्रखण्ड बनाने, माननीय सदस्य श्री मनीष जयसवाल ने राज्य के विधि–व्यवस्था के प्रश्न पर सूचना एवं माननीय सदस्य श्री जयप्रकाश भाई पटेल ने हजारीबाग जिलांतर्गत कोयले की तस्करी बंद कराने संबंधी दिये गये कार्यस्थगन की प्रस्ताव की सूचनाओं को आसन द्वारा पढ़ा गया तथा नियमानुकूल नहीं होने के कारण इन्हें अमान्य कर दिया गया।

## 4. शून्यकाल की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत् आज के लिए प्राप्त शून्यकाल की सूचनायें निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयी:–

श्री मंगल कालिन्दी
श्री भूषण तिर्की
श्री समीर कुमार मोहन्ती
श्री अनन्त कुमार ओझा
श्री उमाशंकर अकेला

श्रीमती अपर्णा सेन गुप्ता
श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की
श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह
डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता
श्री रामचन्द्र सिंह
डॉ0 लम्बोदर महतो
डॉ0 नीरा यादव
श्री दशरथ गागराई
श्री केदार हजरा
श्री नारायण दास
श्री सरयू राय
श्री राजेश कच्छप
श्री अमर कुमार बाउरी
श्री विनोद कुमार सिंह
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी
श्री अमित कुमार मण्डल
श्री किशुन कुमार दास
श्री जय प्रकाश भाई पटेल
डॉ0 इरफान अंसारी

सूचनाः– श्री बिरंची नारायण, स0वि0स0 द्वारा महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के अवसर पर राष्ट्रगान के दौरान सम्मान में खड़े न होकर अधिकारी दीर्घा में बैठे रहे आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों की सी०सी०टी०वी० फुटेज देखकर जांच कराने का अनुरोध किया। साथ ही विधायकों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन आसन को समर्पित किया गया।

## 5. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–147 के तहत् प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना एवं उनपर दिए गए वक्तव्य निम्नवत् हैः–

i. श्री अनन्त कुमार ओझा, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii. डॉ0 सरफराज अहमद, स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii. श्री राजेश कच्छप एवं अन्य स0वि0स0 द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

(अन्तराल)

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

**राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद–विवाद तथा सरकार का उत्तर एवं मतदानः–**

माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने संबंधी माननीय सदस्य डॉ० सरफराज अहमद से प्राप्त सूचना एवं माननीय सदस्य श्री रामचन्द्र सिंह द्वारा समर्थन किये जाने विषयक जानकारी आसन द्वारा सदन को दी गयी। तत्पश्चात् वाद–विवाद हेतु सभी दलों के बीच समय आवंटन की घोषणा भी की गयी। आज दिनांक 28.02.2023 को सदन में होने वाले वाद–विवाद के निमित्त प्राप्त सभी संशोधनों को आसन द्वारा पढ़ा व माना गया। तत्पश्चात् आसन की अनुमति से माननीय सदस्य डॉ0 सरफराज अहमद द्वारा वाद–विवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसका समर्थन माननीय सदस्य श्री रामचन्द्र सिंह ने किया। इसके उपरान्त आसन की अनुमति से निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया–

श्री मंगल कालिन्दी

श्री बिरंची नारायण

श्री उमाशंकर अकेला

श्री प्रदीप यादव

**(राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी।)**

तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही बुधवार, दिनांक–01 मार्च, 2023 के 11:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–28 फरवरी, 2023

सैयद जावेद हैदर,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।